Roll No. .... Total Pages: 04

1602

B.A./B.Sc./B.Ed. (Part-I) Examination, 2018

सामान्य हिन्दी (GENERAL HINDI)

Paper –GC (I)

Time: Three Hours
Maximum Marks: 100

*The question paper is divided into **three** parts **A**, **B**, and **C**.*
*Attempt all question from the **three** parts.*

PART – A [Marks : 40]

प्र.1 निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिये– (10)

बुद्धि, हृदय अथवा कर्म के अलग–अलग लक्ष्य संसार को दार्शनिक, कलाकार या सुधारक दे सकते हैं परन्तु इन सबकी समग्रता नहीं। जो जीवन को सब ओर से एक साथ स्पर्श कर सकता है। उसी व्यक्ति को युग जीवन अपनी सम्पूर्णता के लिए स्वीकार करने पर बाध्य हो जाता है। और ऐसा, व्यापकता में मार्मिक स्पर्श साहित्य जितना सुलभ है उतना अन्यत्र नहीं। इसी से मानवता को यात्रा में साहित्यकार जितना प्रिय और दूरगामी साथी होता है उतना केवल दार्शनिक, वैज्ञानिक या सुधारक नहीं हो पाता।

अथवा

मैं ओवरकोट में हाथ डाले परेड़ देखता हूँ। प्रधानमंत्री किसी विदेशी मेहमान के साथ खुली गाड़ी से निकलते हैं। रेडियो टिप्पणीकार कहता है– 'घोर करतल ध्वनि हो रही है'। मैं देख रहा हूँ नहीं हो रही है। हम सब तो कोट में हाथ डाले बैठे हैं। बाहर निकालने का जी नहीं होता। हाथ अकड़ जायेंगे।

प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिये– (10)

यद्यपि सदा परमार्थ में स्वार्थ थे हम मानते,
पर कर्म से फल कामना करना न हम थे मानते।
विख्यात जीवन व्रत हमारा लोकहित एकान्त था।
'आत्मा अमर है, देह नश्वर' यह अटल सिद्धान्त था।
फैला यही से ज्ञान का आलोक सब संसार में,
जागी यहीं थी जग रही ज्यो ज्योति अब संसार में।।

अथवा

अरे वर्ष के हर्ष।
बरस तू बरस–बरस रसधार।
पार ले चल तू मूझको
बहा, दिखा मुझको भी निज
गर्जन – भैरव – संसार।
उथल – पुथल कर हृदय –
चल रे चल–
मेरे पागल बादल।

प्र.3 'राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर' निबन्ध पर अपने विचारों को संक्षेप में लिखिये। (15)

अथवा

मोहन राकेश द्वारा रचित यात्रावृत्त का सारांश अपने शब्दों में लिखिये।

PART – B [Marks : 30]

प्र.4 छायावादी काव्य में प्रसाद के योगदान पर प्रकाश डालिये। (15)

अथवा

मैथलीशरण गुप्त के काव्य की मूल चेतना स्पष्ट कीजिये।

प्र.5 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिये– (5)

(i) परिक्षा

(ii) रचियता

(iii) कवियत्री

(iv) आर्शिवाद

(v) उश्रृंखल

(iv) सन्यासी

(vii) श्रृंगार

प्र.6 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच वाक्यों को शुद्ध कीजिये– (5)

(i) सप्रमाण सहित उत्तर दीजिए।

(ii) चिन्ता एक भयंकर व्याधि है।

(iii) विधि का नियम बड़ा कठोर होता है।

(iv) अध्यापक जी भूगोल छात्रों को पढ़ा रहे हैं।

(v) गुरूजी के ऊपर श्रद्धा रखे।

(vi) हम हमारी कक्षा में गये।

(vii) देश की दुरावस्था शोचनीय है।

PART – C [Marks : 30]

प्र.7 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के समानार्थी पारिभाषिक शब्द लिखिये– (5)

(i) Approve

(ii) Blue print

(iii) Census

(iv) Deputation

(v) Toll Tax

(vi) In order

(vii) Pact

(viii) Petition

प्र.8 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच वाक्यांशों के लिए सार्थक शब्द लिखिये– (5)

(i) जो दिखाई न दे।

(ii) वह जो बाह्म जगत के ज्ञान से अनभिज्ञ हो।

(iii) क्षण में नष्ट होने वाला।

(iv) प्रतिष्ठा प्राप्त व्यक्ति।

(v) दोपहर के पहले का समय।

(vi) पैर से लेकर सिर तक।

(vii) वह जिसे रोका नहीं जा सके।

(viii) वृक्षो और लताओं से घिरा स्थान।

प्र.9 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच शब्द युग्मों का अर्थभेद स्पष्ट कीजिये– (5)

(i) अवलम्ब – अविलम्ब

(ii) उर – ऊरू

(iii) कोसल – कौशल

(iv) ग्लानि – घृणा

(v) तन्द्रा – निद्रा

(vi) वृत – व्रत

(vii) श्रमण – श्रवण

(viii) दिन – दीन

प्र.10 निम्नलिखित सूक्तियों में से किन्हीं दो का पल्लवन कीजिये– (5)

(i) एकै साधे सब सधै, सब साधै सब जाय।

(ii) अजगर करै न चाकरी, पंछी करै न काम।

(iii) करत–करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान।

(iv) अधिकार खोकर बैठ रहना, यह महा दुष्कर्म है।

प्र.11 निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण कीजिये– (5)

लोभ चाहे जिस वस्तु का हो, जब वह बहुत बढ़ जाता है तब उस वस्तु की प्राप्ति, सान्निध्य या उपयोग से जी नहीं भरता। मनुष्य चाहता है कि वह बार–बार मिले या बराबर मिलती रहे। धन का लोभ जब रोग होकर चित्त में घर कर लेता है, तब प्राप्ति होने पर भी और प्राप्ति की इच्छा बराबर बनी रहती है। जिससे मनुष्य सदा आतुर और प्राप्ति के आनन्द से विमुख रहता है। उसका अन्तः करण सदा अभावग्रस्त रहता है। उसके लिए जो है वह भी नहीं है। असन्तोष अभाव कल्पना से उत्पन्न दुःख है। अतः जिस किसी में यह अभाव कल्पना स्वाभाविक हो जाती है, सुख से उसका नाता सब दिन के लिए टूट जाता है।

प्र.12 अपने विद्यालय के प्राचार्य से रक्तदान शिविर आयोजन की अनुमति माँगने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिये। (5)

अथवा

जिला कलक्टर बाँसवाड़ा की और से शिक्षा गुणवन्ता कार्यक्रम परिपत्र जारी कीजिये।

प्र.13 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिये– (10)

(i) स्वच्छ भारत अभियान

(ii) बेरोजगारी समस्या और समाधान

(iii) मेरी प्रिय पुस्तक

(iv) योग जीवन का आधार

(v) कम्प्युटर के चमत्कार